डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विन शुक्ल पक्षा 10- 2083 | भोपाल, दिन मंगलवार, दिनांक 20 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

आउटसोर्स कर्मचारियों की बैठक 25 को

भोपाल । मप्र राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ की प्रदेश बैठक 25 अक्टूबर को भोपाल के अरेरा हिल्स में सुबह 11 बजे होगी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष आकिब सिंह सिसोदिया ने बताया कि बैठक का उद्देश्य साझा मांगों के मांग पत्र को अंतिम रूप देना और आगे की रणनीति तय करना है। ध्वज संघ, एक बैनर, एक झंडा के संदेश पर आयोजित इस बैठक में सभी 55 जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री और राजधानी के प्रत्येक शासकीय कार्यालय से दो प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी संबंधितों से उपस्थिति की अपील की है।

वेदहाउसिंग: 14 साल से पेंशन-फंड नहीं

भोपाल । वेदहाउसिंग कॉरपोरेशन की 48 दिवंगत कर्मचारियों की पत्नियों को 14 वर्षों से न तो पेंशन मिल रही है और न ही एलआईसी उनका कॉर्पस फंड लौटा रही है। नियम के नियमों के अनुसार कर्मचारी के निधन पर संपूर्ण फंड नॉमिनी को दिया जाता है, लेकिन गुरुवारत्व सत्र पर मामले में सिर्फ कागजी कार्रवाई हो रही है। सेंचारिपूत वेदरहाउसिंग कॉरपोरेशन कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल बाजपेई और सचिव वीरेंद्र सूत्रण ने मुख्यमंत्री से पेंशन व फंड दिलाने की मांग की है।

जनपद पंचायत फंदा शिफ्ट हुई तो लगाना पड़ेगा 60 किमी का चक्कर, विरोध

भोपाल । प्रशासनिक सहूलियत बनाने के लिए जनपद पंचायत फंदा कार्यालय को तार्किक सेंस स्थित सरसेडी के ग्रामीण प्रशिक्षण केंद्र में शिफ्ट करने की तैयारी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट सहित सदस्यों, सरपंचों और सचिवों ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि कार्मिकों को 50 से 60 किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। कार्यालय करीब 40 साल से कलेक्टर परिसर में है। सिंदिया, बैरसिया, रायरोन, नरसिंहगढ़, सोहोर और कोलार रोड से आने वालों के लिए यह सुविधाजनक है। शिफ्टिंग से ट्रैफिक में जामने के साथ समय और पैसा खर्च होगा।

हबालदार को तमाचा मारने वाली महिला पर केस दर्ज

विदिशा। सेक्टर स्टील स्थित आंबेडकर मैदान में गरीबों को जमीन के पट्टों के वितरण को लेकर शनिवार को हुए हंगामे के दौरान ड्यूटी पर तैनात हबालदार को तमाचा मारने वाली जहांत महिला के खिलाफ टीटी नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। महिला पर सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज, शासकीय कार्य में बाधा डालने और लोक सेवक को चुनावा चुनाव की धमकी देने संबंध अन्य धाराएं लगाई गई हैं।

फायरिंग का मामला टाइगर श्राफ की कार पर फायरिंग के बाद 16 घंटे में 954 किमी भागे आरोपी, कोटा में गिरफ्तार

नेपाल भागने की तैयारी में थे तीनों, मुंबई पुलिस की सूचना पर रेलवे स्टेशन से पकड़े

डीआर संवाददाता।। मुंबई।

अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस ने तीन आरोपियों को राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वारदात के बाद आरोपी करीब 16 घंटे में लगभग 954 किलोमीटर का सफर तय कर चुके थे। वे नेपाल भागने की योजना बना रहे थे, लेकिन रास्ते को लेकर परेशानी के कारण उनकी योजना बदल गई। मुंबई पुलिस से मिली सूचना के आधार पर कोटा पुलिस ने सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे पुणे–जयपुर एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे से तीनों को पकड़ लिया। आरोपियों से यूपी हरियाणा के रजिस्टर्ड और एक बिहार के बैरूलराव कर रहने वाला बताया गया है।

बाइक छोड़कर ट्रेन से हुए फरार

पुलिस के मुताबिक, फायरिंग के बाद आरोपी एलपी रोड से होते हुए पेरी पार्क और अंटोप हिल की ओर भागे। इसके बाद उन्होंने अंधेरी पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास बाइक्ला छोड़ दी। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली है। आरोपी मुंबई से रवाना पहुंचे और वहां से ट्रेन के जरिए राजस्थान की ओर रवाना हुए। जांच के दौरान पुलिस को उनके पुणे–जयपुर एक्सप्रेस में होने की जानकारी मिली, जिसके बाद कोटा पुलिस ने कार्रवाई की।

10 दिन से कर रहे थे रेकी

जांच में सामने आया है कि आरोपी करीब 10 दिनों से टाइगर श्रॉफ की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। उन्होंने अभिनेता के घर और शिंग जी रेकी की थी। फायरिंग से पहले भी करीब 60 मिनट तक इलाके की जानकारी जुटाने की बात सामने आई है। पुलिस अब वारदात में शामिल अन्य लोगों और साजिश के पीछे की भूमिका की जांच कर रही है।

गैंगस्टर कनेक्शन की भी जांच

मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े बताए जा रहे अनिल पंडित की भूमिका पर भी संदेह जताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कथित ऑडियो में सलमान खान को धमकी देने और उनसे माफी मांगने को कहा भी सामने आई है। हालांकि इन दावों की पुष्टि जांच के दायरे होनी बाकी है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र गडनवीस ने कहा है कि जांच केवल आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगी। पुलिस साजिश के पीछे की पूरी तस्वीर सामने लाएगी है। पुलिस अब वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। इसके लिए कई राज्यों में छापेमारी की जा रही है।

गाड़ी हटाने की बात पर दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

गौतम नगर कॉलोनी में डीले वाहन को रास्ता देने को लेकर हुआ विवाद, दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज



डीआर संवाददाता।। भोपाल।

भोपाल की गौतम नगर कॉलोनी में सड़क किनारे खड़ी तीन दुकानें हटाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते लहासुली ने मारपीट का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक–दूसरे पर लात–घूंसे बरसाए और डंडों से हमला किया। घटना में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीले वाहन को निकालने में हो रही थी परेशानी

पुलिस के अनुसार, कॉलोनी में दुनरी शाजा के बाद डीले वाहन लौट रहा था। इसी दौरान सड़क के सड़क किनारे एक तीन खड़ी थी। जीप के कारण डीले वाहन को निकालने में परेशानी हो रही थी। इसके बाद तीले वाहन के साथ मौजूद दुकानों ने जीप चालक से गाड़ी साइड में लगाने के लिए कहा। इसी बात पर जीप चालक और उसके परिवार के सदस्यों के साथ विवाद शुरू हो गया।

पक्षों में हुई मारपीट

विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई और इस दौरान दुकानों का भी इस्तीफाल किया गया। घटना में एक पक्ष का एक व्यक्ति और दूसरे पक्ष के चार लोग घायल हुए हैं।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। गौतम नगर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में अलग–अलग एफआईआर दर्ज की है। पुलिस विवाद की वजह और घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

बिना अनुमति खरीदी लाखों रुपए की

भोपाल। राजधानी के भरेला स्थित सरकारी कॉलेज ने विभिन्न योजनाओं के तहत बिना पूर्व अनुमति लगभग 6 लाख रुपए की सामग्री खरीद ली। इसके लिए नीले कॉलेज स्पोर्टिया कॉलेज से अनुमति जरूरी थी। एसडीएम कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रचना सिंह ने लेखा कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संध्या रहे को पत्र लिखकर पूछा है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) का प्रभार नहीं होने के बावजूद किस आदेश से खरीदारी की गई। नियमों के अनुसार लेखा कॉलेज को सामग्री की सूची तकीदिया सौंपनी थी। वित्तीय अधिकार तकीदिया कॉलेज के पास होने से डीडीओ भी उसी के माध्यम से होगी थीं।

डेली कॉलेज में संघ के कार्यक्रम को लेकर सियासी विवाद, दिग्विजय-सिंधिया आमने-सामने

दिग्विजय ने शैक्षणिक संस्थान में आयोजन पर उठाए सवाल, सिंधिया बोले- डेली कॉलेज की स्थापना सिंधिया परिवार ने की

डीआर संवाददाता।। भोपाल

इंदौर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राष्ट्रीय बैठक और प्रस्तावित सम्मान को लेकर प्रदेश की राजनीति में विवाद शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शैक्षणिक संस्थान में सैद्धांतिक और राजनीतिक आयोजन पर सवाल उठाए, तो केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार करते हुए उन्हें इतिहास याद रखने की नसीहत दी। इसीलिए ने कहा कि डेली कॉलेज की स्थापना सिंधिया परिवार ने ही की थी।





दिग्विजय ने शुक्रवार को डेली कॉलेज परिसर में जुटे समर्थकों से मुलाकात की। इसमें उन्होंने कहा कि यह वो स्कूल है जहां हमारे पिताजी पढ़े थे। हमारा इस स्कूल से भावनात्मक रिश्ता है। हमें यह जानकारी नहीं थी कि इसकी स्थापना सिंधिया परिवार ने की थी। यह तो मुझे अभी पता चला है। मैं इसके लिए उनका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि यह वैचारिक संस्थान है। इसे आयोजनों की राजनीतिक और धार्मिकता से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम के लिए संघ की जगह किसी और संस्था को चुना जा सकता था।

डेली कॉलेज ने आधिकारिक रूप से कार्यक्रम को लेकर दोनों पक्षों के बीच पत्राचार की पुष्टि की है। कॉलेज का कहना है कि उसने संघ को केवल परिसर उपलब्ध कराया है। आयोजन की जिम्मेदारी पूरी तरह संघ की थी। कॉलेज ने यह भी स्पष्ट किया है कि उसने किसी सम्मान की घोषणा नहीं की है। इसके बाद सिंधिया परिवार की ओर से कहा गया कि दिग्विजय सिंह को यह जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि डेली कॉलेज की स्थापना उनके पूर्वजों ने की थी और यह तथ्य सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

सत्र 2026-27 से 9वीं से 12वीं तक लागू होगा नया नियम, 3 और 4 अंक के प्रश्नों में पहले जैसी सुविधा

एमपी बोर्ड में परीक्षा पैटर्न बदला, 2 अंक के सवालों में नहीं मिलेगा विकल्प



डीआर संवाददाता।। भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के पैटर्न में बदलाव किया है। शैक्षणिक सत्र 2026–27 से मुख्य विषयों में 2 अंक के प्रश्नों के साथ दूसरा सवाल चुनने का विकल्प नहीं मिलेगा। विद्यार्थियों को पूछे गए प्रश्न का ही उत्तर देना होगा। हालांकि, 3 और 4 अंक के प्रश्नों में पहले की तरह विकल्प उपलब्ध रहेंगे।

मंडल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। नए पैटर्न के आधार पर मॉडल प्रश्नपत्र भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। यहीं, गोलगला सिंकल्पा ब्यावलिकेशंस फॉन्वर्ल्ड के जोतांत पहाए जाने वाले विषयों में 3 और 4 अंक के प्रश्नों में विकल्प दिए जाएंगे।

अलग-अलग नियमों पर सवाल

मंडल ने फरीक डेढ़ साल तक दूसरे वर्षों की परीक्षा प्रणाली का अध्ययन करने के बाद यह बदलाव किया है। हालांकि, मुख्य विषयों में विकल्प खत्म करने और व्यावसायिक विषयों में विकल्प देने के अलग-अलग फैसलों के आधार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्पेशल बुर्देल सुभाष पैरा के अनुसार, सब्जिशों के अध्ययन के बाद 2 अंक के प्रश्नों से विकल्प हटाने का निर्णय लिया गया है। बाकी प्रावधानों का पैटर्न पहले जैसा रहेगा।

'विशेषज्ञ ने जताई चिंता

कुई अन्वर्ण शासन शिक्षकों का कहना है कि इन विषयों के लिए पूरी किताब के सभी प्रश्नों की तैयारी जरूरी हो जाती है। पहले विकल्प होने से एक अंक का प्रश्न नहीं आने पर विद्यार्थी दूसरा प्रश्न हल कर सकते थे। अब यह सुविधा खत्म होने से विद्यार्थियों के अंक और मेरिट पर असर पड़ सकता है। उन्होंने मंडल से फैसले पर दोबारा विचार करने की मांग की है।

हवन-आरती के साथ नौ दिवसीय साधना शिविर का समापन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

एचई योग निद्र मंडल, विदिशा की, पीएचईएल द्वारा आयोजित नौ दिवसीय सार्वजनिक नवरात्रि साधना शिविर का समापन 19 अक्टूबर को हवन, पूजन और मां दुर्गा की आरती के साथ हुआ। शिविर में साधकों ने योग, ध्यान और विभिन्न आध्यात्मिक साधनाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



शिविर का संचालन आनंदधर्म सरस्वती और आनंदार्य चैतन्यगिर के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह में बीएचईएल भोपाल के महाप्रबंधक (स्तर सफाधकार) हेम राम पटेल और सकल अध्यक्ष बसंत कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरती अग्रे, सुमाष दुबे, आरती साह, अरुणा तारे, अमलकांत झा, एमएम सर्मा और विमला स्वाजवानी ने साधना से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। मंडल की महालिपि रतोन्द कुमार ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी, अधिकारियों, कार्यकर्ता और योग परिवार के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

भोपाल में भी नामांकन कम होने का दावा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के नामांकन में 3.86 लाख की कमी आने का दावा करते हुए राज्य सरकार से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में नामांकन गलत गणित दिखा जा सिद्ध है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि बच्चे स्कूलों से दूर हो रहे हैं या नामांकन के आंकड़ों में गड़बड़ी है। पटवारी ने गुजरात, एचएचएस 2025–26 में पहली से बारहवीं तक कुल 1,42,31,833 विद्यार्थियों का नामांकन था। वहीं, सत्र 2026–27 में 13 अक्टूबर तक 1,33,65,225 नामांकन दर्ज हुए। इस तरह दोनों आंकड़ों में 8,66,608 विद्यार्थियों यानी करीब 6.1 प्रतिशत का अंतर है। पटवारी ने कहा कि राजस्थान में भोजन में 20 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों का नामांकन कम हुआ है। ग्वालियर, अशोकनगर, शिवपुरी और गुना जिलों में भी स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने सवाल उठाया कि

ग्वालियर हादसा

शीतला माता मंदिर हादसे के घायलों से मिले मुख्यमंत्री, बेहतर इलाज के दिए निर्देश

जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर मरीजों और परिजनों से की मुलाकात, जरूरत पड़ने पर एयर एंबुलेंस की सुविधा देने का आश्वासन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ग्वालियर पहुंचे। यहां उन्होंने जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती शीतला माता मंदिर हादसे के घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उपचाररत मरीजों और उनके परिजनों से बर्मा कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने चिकित्सकों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक घायल को अच्छे से अच्छा इलाज उपलब्ध कराएगी। जरूरत पड़ने पर गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।



सात घायलों का ट्रॉमा सेंटर में उपचार जारी

ग्वालियर जिले की सालक्क ग्राम पंचायत स्थित शीतला माता मंदिर में हुए हादसे में घायल सात लोगों का जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है। इनमें ग्वालियर के दुलहरा पुल क्षेत्र निवासी मंजरा उर्फ भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति जानी और उनके उपचार की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। चिकित्सकों को मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर रखने और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। गंभीर स्थिति वाले मरीजों के लिए जरूरत के अनुसार उच्चस्तरीय उपचार और एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करने की बात भी कही गई।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। दोनों ने घायलों के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली।

प्रदेश के सभी 55 जिलों में होगा शस्त्र पूजन

विजयादशमी के अवसर पर मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे। राज्य शासन ने उपखंडों के अधिकारियों के लिए कॉलेजों एवं विभिन जिलों में पूजा अर्चना के स्थान में शामिल करने की तैयारी की है। विजयादशमी पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश के गर्वित और लोकपूजित महान को विशेषरूप किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उपचार की जानकारी ली।

प्रॉपर्टी डीलर के कर्मचारी ने 337 लाख की धोखाधड़ी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल ईस्टेटोडी इलाके में प्लॉट बेचने के नाम पर 337 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर के कर्मचारी ने पूरी रकम लेने के बाद न प्लॉट की रजिस्ट्री कराई, न रकम वितलर के पास जमा की। बाद में संवाहन बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने कर्मचारी और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।सुलिस के मुताबिक, वैरागढ़ निवासी शिवकुमार भनत प्राइवेट नौकरी करते हैं। वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात पुष्पेंद्र भाकट से हुई थी। पुष्पेंद्र लावाखेड़ा स्थित प्रॉपर्टी डीलरशिप में काम करता था। उसने शिवकुमार को भारत सिटी में प्लॉट दिखाया। कीमत 337 लाख रुपए बताई। सौदा तय होनेपर अनुबंध होना गया। शिवकुमार ने 50 हजार रुपए अग्रिम दिए। इसके बाद किस्तों में

न्यूज गैलरी

गरीह माता मंदिर में ग्रहण की प्रसादी

सीहोर । शारदीय नवरात्रि की नवमी पर सोमवार को विश्रामघाट स्थित गरीह माता मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। मां सिद्धिदात्री के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से शुरू हुआ सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। नवमी पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। सुबह 7 बजे हवन-पूजन शुरू हुआ। इसके बाद हवन की पूर्णाहुति और महाआरती की गई। मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद सेवाड़ा, रोहित सेवाड़ा और भंडारे में सहयोग करने वाले जोगेंद्र सक्का सहित सेवाभावी लोगों ने माता रानी को प्रसादी का भोग अर्पित किया। इसके बाद सुबह 10 बजे से देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

फर्जी वीजा और माइग्रेशन एजेंसियों से सतर्क रहें नागरिक

सीहोर। विदेश मंत्रालय ने विदेश में नौकरी और निवास वीजा दिलाने के नाम पर सक्रिय फर्जी वीजा एवं माइग्रेशन एजेंसियों से सतर्क रहने की सलाह दी है। अनु. खाड़ी स्थित शारदीय पुलाबारा और दुबई स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास को ऐसी एजेंसियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं। ये एजेंसियां सोशल मीडिया पर आकर्षक विज्ञापन देकर नौकरी और वीजा दिलाने का झांसा देती हैं तथा भारी शुल्क वसूलने के बाद न तो वीजा देती हैं और न ही शुल्क लौटाती हैं। शिकायतों से अवगत की गई है कि ये बिना जांच-पड़ताल किसी एजेंसी पर भरोसा न करें और केवल सरकार मीडिया विज्ञापनों के आधार पर भुगतान करने से बचें।

बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया से बचाने की सलाह

सीहोर। बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बचाव, लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार को लेकर जागरूकता बढ़ाई है। जिले के सहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत एएनएम सहित मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निमोनिया की पहचान, खतरनाक लक्षणों, उपचार और जरूरत पड़ने पर मरीज को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र रेफर करने की जानकारी दी गई है।निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है। इसके प्रमुख लक्षणों में खांसी, बुखार और सांस लेने में कठिनाई शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि लक्षणों में ऐसे लक्षण दिखाई देने पर देरी न करें और तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सलाह लें। समय पर पहचान और उपचार से गंभीर स्थिति से बचाव में मदद मिल सकती है।

कन्याओं के पूजन के साथ मां दुर्गा की आराधना

सीहोर।नवरात्रि के अवसर पर सोमवार को जगदीश मंदिर चौराहे के पास दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। मंदिर के बाहर दिनभर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। पूरा मंदिर परिसर मां सेरावाली के जयकारों से गूंज उठा और वहां मेले जैसा माहौल बना रहा। नवमी के अवसर पर मंदिर में मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह सात बजे से हवन-पूजन की शुरुआत हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन की पूर्णाहुति और महाआरती संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर में कन्या का विशेष श्रृंगार भी किया गया। नवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद सेवाड़ा, रोहित सेवाड़ा और भंडारे में सहयोग करने वाले जोगेंद्र सक्का सहित अन्य सेवाभावी लोगों ने माता रानी को प्रसादी का भोग अर्पित किया। इसके बाद सुबह 10 बजे से देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के अनुसार हवन-पूजन भेंट और कन्याओं को भोज कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। घाट-पहियारों की गूंज और माता के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

जिला समाहरण मंच के प्रभारी नगरीय दीक्षित मीना ने बताया कि गरीह माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना और सामिल अनुष्ठान किए जाते हैं। इस वर्ष भी नवरात्रों पर महानिशा महाआरती और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर हवन, पूर्णाहुति, आरती और भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मां सिद्धिदात्री नवदुर्गाओं का नौवां और अंतिम स्वरूप हैं। नवरात्रि के नौवें दिन माता सिद्धि-विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता की आराधना से भक्तों को सुख-समृद्धि, अभीष्ट सिद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने अगले की सात सप्तियाता से नवरात्रि के जीवन बनी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को सुशोभाजनक ढंग से दर्शन कराने के लिए व्यवस्थाएं संचालित की गई।

आस्था के साथ व्यवस्थाओं का बेहतर समन्वय

मां विजयासन देवी धाम सलकनपुर में नवरात्रि के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए। भीड़ के दौरान व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन और श्रद्धालुओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सीहोर जिले के अधिकारी-कर्मचारी लगातार सक्रिय रहे। महत्वपूर्ण व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनाने पर भी ध्यान दिया गया। प्रशासनिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने मोबाइल फोन को सीलबंद कर निर्धारित ड्यूटी का पालन किया। मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के साथ ही श्रद्धालुओं की आवाजाही पर विशेष ध्यान दिया गया। विशेषी पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रज्ञा सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त की। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया। यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई। पार्किंग स्थलों पर वाहनों के सुरक्षित संचालन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया।

पेयजल, स्वच्छता, बिजली और चिकित्सा सुविधाओं पर रहा विशेष ध्यान

जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्नान-सफाई, बिजली आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन सहित व्यापक व्यवस्थाएं की गई। भीड़ के दौरान व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन और श्रद्धालुओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सीहोर जिले के अधिकारी-कर्मचारी लगातार सक्रिय रहे। यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनाने पर भी ध्यान दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इन व्यवस्थाओं से नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को सुविधाजनक ढंग से दर्शन कराने के लिए व्यवस्थाएं संचालित की गई।

बिजली अधिकारियों के विरोध में दशहरे पर रावण



डीआर संवाददाता»जावर

सीहोर।" खेतों में झूलते 11 केवी बिजली तारों और हादसों को लेकर किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। दशहरे पर एनएस मेवाड़ा के नेतृत्व में अधिकारियों के कथित पुतले का रावण दहन किया जाएगा। रावण के दस सिरों पर किसानों के दस सवाल और मांगें लिखी जाएंगी।

किसानों का आरोप है कि खेतों में झूलते बिजली तारों की शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं किया गया। इससे कई किसान करंट की चपेट में आकर घायल हुए और कुछ की जान चली गई। किसानों के अनुसार, वे चार महीने से अधिक समय से सीहोर से गोपाल तक धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं हुई हैं।

किसानों की प्रमुख मांग है कि जिम्मेदार अधिकारी यानी, कार्यपालन मंत्री और सहायक मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। खराब सर्दील गेवाड़ा निवासी बहबेली को 25 लाख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की गई है। वहीं, गुलाब सुगंध बाई निवासी मोहोड़िया के पुत्र को मुआवजा और नौकरी देने की

ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में आरएसआई ने सीहोर मिनी बाइज को 2-3 से हराया



डीआर संवाददाता»सीहोर

सहर के उत्तरी मैदान पर चली ब्लॉक स्तरीय ट्रॉफिकर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया है। सोमवार की शाम को एक शानदार मुकाबला देखने को मिला जहां मौसम के रंग में भी खिलाड़ियों ने जबरदस्त जिला और बारिश की बौछारों के बीच मैच खेला।

इस खेल के मुकाबले में आरएसआई टीम ने सीहोर मिनी बाइज को 3-2 से हराया। इस मैच में आरएसआई की ओर से जतिन, युवराज और आलोक ने 1-1 गोल किया। इस तरह पर एसोसिएशन के सचिव आलोक तापाकाय सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बहां पर मौजूद खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रिंस्टु दीक्षित ने बताया कि शाम को खेले गए मैच में आरएसआई टीम ने अंतिम समय पर 3-2 से जीत हासिल की। इस मुकाबले में सीहोर मिनी बाइज की ओर से जतिन, युवराज और आलोक ने 1-1 गोल किया।

मावठ, देर शाम को तेज हवाओं व गरज चमक के साथ अंचल क्षेत्र में मावठ की बूंदाबांदी से किसानों को बारिश की उम्मीद

डीआरसंवाददान»डोराहा

नगर और अंचलवर के क्षेत्रों में सोमवार दोपहर लगभग से आसमान साफ था। दोपहर 3 बजे एक ओर तेज गर्मी और धूप से परेशान थे, लेकिन करीब 3 बजते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से गेहूं सहित अन्य फसलों में पानी भर गया और खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

तीन दिन से जारी है बारिश



का दौर

सीहोर जिले में पिछले तीन दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। रविवार को सीहोर नगर में हल्की फुहारें पड़ी थीं, जबकि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज बारिश हुई थी। सोमवार को फिर बारिश होने से मौसम ने ठंडक पुन: ले ली।

लगातार हो रही बारिश से खेतों में तैयार गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। किसानों के अनुसार, कटाई के बाद खुले खेतों में रखी फसल के भीगने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने फसल को सुरक्षित करने के लिए तिरपाल और अन्य साधनों की व्यवस्था की थी, लेकिन तेज हवाओं के कारण तिरपाल उड़ गए। इससे कई खेतों में पानी भर गया।

तेज हवाओं से पुतले प्रभावित, मरम्मत के बाद दशहरा उत्सव की तैयारी

डीआरसंवाददान»सीहोर।



शहर के खास मैदान में मैजाजाजनी पर आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बारिश और तेज हवाओं के बीच आयोजन समिति के सामने पुतलों को सुरक्षित रखने की चुनौती रही। तेज हवा के कारण शनिवार को भी सिर झुक गए थे, जिन्हें बांध में ठीक कर दिया गया। बारिश के बावजूद रावण का विशालकाय पुतला दुरुस्त रहा। अब मैदान में होने वाले आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम रूप से चुकी हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों एवं समिति द्वारा मैदान में रावण और नियमन के फूले स्थापित मोर्च गए हैं। मौसम खराब होने की आशंका को देखते हुए पुतलों को आकार के संचालन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। शनिवार के दौरान दुबई से आए कलाकार सलमानी आर्टिस्टआर्ट्स एवं मजदूर जारेंगे, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

कार्यक्रम में कथावाचक पंडित प्रवीण मिश्रा मुख्य आतिथ्यिवाहा के रूप में शामिल होंगे। समिति के पुरुष सदस्यों जसवाल सिंह अरोरा और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमित अरोरा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से निकलेगी राम बारात

रावण दहन से पहले छावनी नाका चौराहे स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम की बारात निकाली जाएगी। इसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और वानर सेना की झांकियां शामिल होंगी। राम बारात के शहर भ्रमण के बाद बाल विहार मैदान में दशहरा उत्सव का आयोजन होगा। यहां रावण दहन के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

विसर्जन की तैयारियों का एसपी ने लिया जायजा

डीआरसंवाददान»सीहोर



विजयादशमी और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर्व को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी रघुवंशी ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ विसर्जन घाटों तथा रावण दहन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसपी ने सबसे पहले टाउन हॉल और सीहोर नदी घाट पहुंचकर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदौर नाका स्थित दशहरा बाग, गंज रावण पार्क, रामेश्याम मंदिर, बाल विहार और तेलखा पार्क स्थित रावण दहन स्थलों का निरीक्षण किया। मंडी थाना क्षेत्र के एमवीपी रावण दहन स्थल पर भी भीड़ नियंत्रण, यातायात और आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

एसपी ने रावण दहन को सौहार्द पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस को पर्याप्त पूरी बनाए रखने और पानी के टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पर्व को शांति किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

वापस किए मरीह माता मंदिर में सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

नवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, सुबह से देर शाम तक लगी रहीं दर्शनार्थियों की

डीआर संवाददान»सीहोर



सीहोर। शहर के विश्रामघाट स्थित करीब 150 वर्ष प्राचीन श्रीराम कोठियो मरीह माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। मंदिर के बाहर दिनभर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। पूरा मंदिर परिसर मां सेरावाली के जयकारों से गूंज उठा और वहां मेले जैसा माहौल बना रहा। नवमी के अवसर पर मंदिर में मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह सात बजे से हवन-पूजन की शुरुआत हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन की पूर्णाहुति और महाआरती संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर में कन्या का विशेष श्रृंगार भी किया गया। नवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद सेवाड़ा, रोहित सेवाड़ा और भंडारे में सहयोग करने वाले जोगेंद्र सक्का सहित अन्य सेवाभावी लोगों ने माता रानी को प्रसादी का भोग अर्पित किया। इसके बाद सुबह 10 बजे से देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के अनुसार हवन-पूजन भेंट और कन्याओं को भोज कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। घाट-पहियारों की गूंज और माता के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

जिला समाहरण मंच के प्रभारी नगरीय दीक्षित मीना ने बताया कि गरीह माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना और सामिल अनुष्ठान किए जाते हैं। इस वर्ष भी नवरात्रों पर महानिशा महाआरती और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर हवन, पूर्णाहुति, आरती और भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मां सिद्धिदात्री नवदुर्गाओं का नौवां और अंतिम स्वरूप हैं। नवरात्रि के नौवें दिन माता सिद्धि-विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता की आराधना से भक्तों को सुख-समृद्धि, अभीष्ट सिद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के लिए होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवान तैनात

डीआरसंवाददान»सीहोर

जिले में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के लिए जिला होमगार्ड कमांडेंट द्वारा जवानों लगा गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, 20 अक्टूबर 2026 से जिले के प्रमुख विसर्जन स्थलों पर होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवानों को आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। सीहोर शहर के प्रमुख विसर्जन स्थलों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रमुख स्थलों से तालाब हॉल तक पास विसर्जन स्थल, सीवन नदी घाट, ईटलाईगाता विसर्जन स्थल (करवा), जमोनिया तालाब, श्यामपुर, डोराहा, अहमदपुर, आष्टा जावर, सिद्धिकगंज, इछावर, भैरूंदा, नीयालपुर, खेटी एवं बुदनी के विसर्जन स्थल शामिल हैं। आवश्यकता पड़ने पर जिला मुख्यालय की रिजर्व आपदा टीम को भी तत्काल रवाना किया जाएगा। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे विसर्जन के दौरान शांति एवं सतर्कता बनाए रखें और सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जवानों के निर्देशों का पालन करें, ताकि प्रतिमा विसर्जन का कार्य सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 10- 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 20 अक्टूबर, 2026

दशहरा आष्टा में आज 71 फीट के रावण का होगा दहन, राम-रावण युद्ध और लेजर शो रहेंगे आकर्षण

भाऊबाबा मंदिर चौराहे से दोपहर 12 बजे निकलेगा विजयदशमी चल समारोह, अलीपुर में भी 51 फीट के रावण का होगा दहन

डीआर संवाददाता»आष्टा

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व नगरवासियों एवं आष्टा में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हिंदू उत्सव समिति आष्टा और अलीपुर की विजयदशमी उत्सव समिति के तत्वावधान में विभिन्न स्थलों पर रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कन्नौज रोड स्थित नए दशहरा मैदान में 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा, जबकि अलीपुर में 51 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। पुराने दशहरा मैदान सहित अन्य स्थानों पर भी आयोजन की तैयारियां की गई हैं।



राम-रावण युद्ध और लेजर शो होंगे आकर्षण

नए दशहरा मैदान में रावण दहन से पहले राम-रावण युद्ध का मंचन किया जाएगा। इसके लिए मैदान में दो मंच तैयार किए गए हैं। एक मंच पर युद्ध का मंचन होगा, जबकि दूसरे पर अतिथियों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। शाम लगभग 6:00 बजे से आतिशबाजी और राम-रावण युद्ध का नयनाभिराम प्रस्तुतीकरण होगा। इसके बाद लेजर शो और रावण दहन किया जाएगा। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता के अनुसार, आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मैदान में आवश्यक लाइटिंग की भी तैयारी है।

भाऊबाबा मंदिर से निकलेगा चल समारोह

दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष गोविंद सोनी के अनुसार, विजयदशमी का चल समारोह दोपहर 12 बजे भाऊबाबा मंदिर चौराहे से शुरू होगा। इसमें पहले भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी का विजय तिलक किया जाएगा। चल समारोह में बैंड-बाजे, ढोल और अखाड़ों के साथ करीब 20 से 25 वेशों के कलाकार शामिल होंगे। चल समारोह भाऊबाबा मंदिर चौराहे से शुरू होकर कुम्हार, पल्टेरीपुरा, उपाध्याय चौराहा, पुराना बस स्टैंड, पलाही चौक, बस स्टैंड चौराहा होते हुए सब्जी मंडी पहुंचेगा। इसके बाद जुलूस पुराने दशहरा मैदान पहुंचेगा, जहां रावण दहन होगा। यहां से चल समारोह सम्पत रोड स्थित नए दशहरा मैदान पहुंचेगा। वहां राम-रावण युद्ध, आतिशबाजी, लेजर शो और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अलीपुर में भी होगी रावण दहन की तैयारी

अलीपुर में विजयदशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष राजकुमार मालवीय के नेतृत्व में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन से पहले अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। शहर और आसपास के क्षेत्रों में पर्व को लेकर उत्साह है। आयोजकों द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों और मेलों की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बुआ के सोने के जेवर चोरी, 6.55 लाख रुपए का माल बरामद

तिमन्या, टॉप्स और चांदी के आभूषण किए जब्त

डीआर संवाददाता»सीहोर।



मंडी थाना पुलिस ने घर की अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए करीब 6 लाख 55 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, चोरी किए गए आभूषण एक निधि विवाहित बालक के घर से उसके परिजनों की मौजूदगी में जब्त किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, 15 अक्टूबर 2026 को फरियादी ने मंडी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 8 अक्टूबर को उनकी माता अपने मायके ग्राम खापरीखाता गई थीं। जाने से पहले उन्होंने गले में पहना सोने का तिमन्या घर में रोंदरेजा की अलमारी में रख दिया था। लौटकर जब तिमन्या व तीन टॉप्स गायब थे। मामले में अपराध क्रमांक 353/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(ए) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

रुरुत पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत मौर्य और नगर पुलिस अधिकारी डॉ. अभिनेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच के दौरान संदेही से पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी की वारदात चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार, उसने घर से चांदी के कड़े और बाजार से पहनने वाली चांदी का कंदौरा चोरी करने की बात भी बताई।

न्यूज गैलरी

निवेदिता भारती की बहनों का शौर्य प्रदर्शन आज

सीहोर दशहरा पर्व पर नगर में सेवा भारती के निवेदिता विकास अकादमी की छात्रा निवेदिता भारती की बहनें शौर्य प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शन दुर्गा मंदिर चौराहे पर होगा। प्रदर्शन दशहरा मैदान में भी होगा। दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसी पीछे पर बहनें पारम्परिक कौशल के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाएंगी।

नवरात्रि पर 20 श्रद्धालुओं ने यज्ञ में दी आहुतियां

बिलकिसगंज । प्रतारिया स्थित सिद्ध मंदिर मां महिषासुर मर्दिनी दरबार में शारदीय नवरात्रि की नवमी पर सोमवार को हवन-यज्ञ, धूंगार आरती और कन्या भोज के साथ नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 20 श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर माता की पूजा-अर्चना की। पंडित देवेंद्र शर्मा ने विधि-विधान से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। हवन के बाद मां महिषासुर मर्दिनी की धूंगार आरती की गई। इसके बाद कन्या भोज में कन्याओं को भोजन कराया गया। नवमी पर श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर में माता की अखाजोती बनी रही।

नवरात्रि: कन्याओं का पूजन कर कराया भोजन

अकोदिया । शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर तहसील स्थित देवी मां के दीवाते घटस्थापना मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण पखारे, तिलक लगाकर पूजन किया और सात्विक भोजन कराया। इसके बाद वस्त्र और भेंट देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस दौरान माता रानी को खीर, पूड़ी, हलवा सहित विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया। नगर में धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से खाटू श्याम सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष एवं देवी मां के उपासक डॉ. सुशील कुमार महलोत और उनके परिवार का विशेष सहयोग रहता है। जटाधारा स्थित देवी मां के दीवाते घटस्थापना

विधायक इंजीनियर ने नगर में सोमवार को 3 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से विकसित खेड़ापति लोक का लोकार्पण किया

डीआर संवाददाता»आष्टा।

नगर में सोमवार को 3 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से विकसित खेड़ापति लोक का लोकार्पण किया गया। करीब डेढ़ साल में तैयार इस परियोजना के तहत खेड़ापति कमला तालाब का सौंदर्यीकरण कर तोरण द्वार, सड़क, रेलिंग, पिचिंग, पेवर्स ब्लॉक और आधुनिक विद्युत व्यवस्था के कार्य किए गए हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीता नारायण मेवाड़ा सहित नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। वेद मंत्रों और पारंपरिक विधि-विधान के साथ हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई।



चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बताईं

नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रावसिंह मेवाड़ा ने अपने चार साल के कार्यकाल के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और जनता जनार्दन का सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से विकास कार्यों को गति मिली है। अपनी पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए उन्होंने गांव-गिरांव के आशीर्वाद और नगरवासियों के सहयोग को अपनी उपलब्धियों का आधार बताया।

आगामी योजनाओं पर रहेगा जोर

समारोह में गोपाल नाके का सौंदर्यीकरण, कुंवर गोपाल सरकार का नौडीकरण, घाटी नदी के दूसरे छोर की गंदगी दूर कर सौंदर्यीकरण, रहांस ब्रिज निर्माण और मुक्तिधाम के समीप तथा रोगग्रस्त रास्ते पर प्रस्तावित घाट बनाने जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका के पीएमओ विनोद चतुर्वेद प्रभारी, अध्यक्ष प्रतिनिधि रामसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पूरन खां, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनंत चौरसिया, सकल समाज अध्यक्ष राजेंद्र खुराणा सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकार और नागरिक उपस्थित रहे।

कपिल परमार ने एशियाई पैरा खेलों में जीता कांस्य

डीआर संवाददाता»सीहोर



उमरानाल से भोपाल में आयोजित एशियाई पैरा खेलों की पुरुष टी-20 किरोड़ीगम फुटी स्तरों से सीहोर के कपिल परमार ने अंतरा स्पर्धा जीतकर देश का मान बढ़ाया। कपिल ने कांस्य पदक के मुकाबले में इंडोनेशिया के रामली अहमाद जिकरी को महज 69 सेकंड में हराकर ये सुखी का हासिल किया। कपिल की ऐसी कामयाबी से हर कोई खुश है। उनकी मां मनभरबाई ने मेहनत-मजदूरी कर बेटे को पाला है। उन्होंने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जताई और समर्थकों ने अभिनंदन देते हैं।

उन्होंने कहा कि ये स्वर्ण पदक जीतने आए थे, लेकिन कांस्य पदक मिलने पर भी खुशी है। कपिल की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी मां मनभरबाई ने मेहनत-मजदूरी कर बेटे को पाला है। उन्होंने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जताई और समर्थकों ने अभिनंदन देते हैं।

आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर के गरबा महोत्सव का आयोजन

डीआर संवाददाता»अहमदपुर

सीहोर। नवरात्रि के पावन पर्व पर आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर द्वारा सभी सीहोर वासियों के लिए गरबा महोत्सव का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया गया। आईईएस स्कूल द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव पर मुख्यअतिथि डॉ. सुनीता सिंह, सेक्रेटरी, आईईएस पब्लिक स्कूल, भोपाल एवं सीहोर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



गरबा महोत्सव के लिए आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा बनाए गए दीये, टीशर्ट और अन्य रचनात्मक सजावटी वस्तुओं से युक्त परिसर में एक विशेष उत्सव प्रदर्शनी भी लगाई। इस में प्रेम (डी) सुनीता सिंह, सेक्रेटरी, आईईएस पब्लिक स्कूल ने गरबा समारोह में गरबा एवं डांडिया के विशेष प्रतिभागियों को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया। साथ ही आए हुये सभी अतिथियों, छात्रों के माता पिता एवं सभी शहरवासियों का आभार व्यक्त किया एवं बताया के छात्रों को विभिन्न भारतीय त्यौहारों और जीवन में इनके महत्व के बारे में जानने के लिए, इस तरह के कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसके बाद छात्रों ने गरबा एवं डांडिया का प्रदर्शन किया। इसके बाद रावण दहन किया जाएगा। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता के अनुसार, आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मैदान में आवश्यक लाइटिंग की भी तैयारी है।

52 गांवों में सिंचाई के पानी की मांग को लेकर किसान स्वराज संगठन ने महाआंदोलन की तैयारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

मैरोना। गोपालपुर मंडल के 52 गांवों में सिंचाई के पानी की मांग को लेकर किसान स्वराज संगठन ने महाआंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर किसान आगामी चुनावों के बहिष्कार पर विचार करेंगे। आंदोलन के लिए 'चलो गोपालपुर, हमारा हक-पानी, हमारी मांग-सिंचाई' और 'नहीं तो वोट नहीं' जैसे नारे दिए गए हैं। छोटेभाई सुहल उद्धरन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास अप्रैल 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। परियोजना के लिए 516 करोड़ 11 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हुई थी। इसका उद्देश्य करीब 35 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा देना था। इससे पहले 19 सितंबर को भी समाज ने आंदोलन कर सिंचाई परियोजना का काम पूरा करने, योजना बाध तक पानी पहुंचाने और बिजली सांहलों को घटाने की मांग उठाई थी।

पंकज शर्मा कांग्रेस जिला प्रवक्ता नियुक्त

सीहोर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन किया है। इसमें युवा नेता पंकज शर्मा को जिला कांग्रेस प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवीनी संगठन के प्रति सक्रियतापूर्ण कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय और विभिन्न मंचों पर कांग्रेस का पक्ष मजबूती से रखने की जवाबदेही को देखते हुए शर्मा को यह दायित्व दिया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उत्साह का संचार है। नियुक्ति पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हीरू बघेरीय तोमर पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पूर्व मंडी राजकुमार पटेल सहित अनेक कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए पंकज शर्मा को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह नई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

चुनरी यात्रा

अष्टमी-नवमी पर माता की भक्ति में डूबा क्षेत्र, सेमरा दांगी से सांवला माता मंदिर तक निकली विशाल चुनरी यात्रा

सेमरा दांगी से रायपुर तक श्रद्धालुओं ने भेंटकी चुनरी, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागतय मंदिर में दिनभर लगी रही भक्तों की कतारें

डीआर संवाददाता»दोराहा

शारदीय नवरात्र की अष्टमी और नवमी पर क्षेत्र में माता रानी की भक्ति और धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। सेमरा दांगी से रायपुर की बडली स्थित सांवला माता मंदिर तक विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने चुनरी का पूजन-अर्चन कर माता रानी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।



चुनरी यात्रा

हर वर्ष की परंपरा के अनुसार सोमवार सुबह करीब 9 बजे सेमरा दांगी श्रीराम मंदिर से चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा सेमरा दांगी, सेमरा डोबर ओलोगी और सुगालखेडी सहित विभिन्न गांवों से होते हुए रायपुर की बड़ली स्थित सांवला माता मंदिर पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। डीजे पर कर रहे माता रानी के भजनों पर भक्त उत्साह से झूमते नजर आए। यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

महाआरती के बाद वितरित की प्रसादी

मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने माता रानी की महाआरती की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद प्रसादी वितरित की गई। मंदिर परिसर में भैरोंबाल भजने का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रस्तुति देकर की। अष्टमी-नवमी के अवसर पर कन्या पूजन और भंडारों के आयोजन भी हुए।

सुबह से शाम तक लगी रही भीड़

मंदिर पर सांवला माता मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सौदागर खत्रेय ने परिवार सहित माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में लगे मेले में ग्रामीणों ने दुकानों से जरूरत की चीजों की खरीदारी की।

इसके अलावा ग्रामीणों स्थित मां हिंगलाज मंदिर, बनखेड़ा की टेकरी पर मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, गढ़ी धनराज, भोज, मरखोड़ा और तोलगढ़ स्थित माता मंदिरों में भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पूरे क्षेत्र में नवरात्र के अंतिम दिनों में धार्मिक आयोजनों और भक्ति का उत्साह दिखाई दिया।



डीआर विदिशा राजगढ़

Happy Dussehra

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | अश्विन शुक्ल पक्ष-10,2083 | विदिशा,दिन मंगलवार दिनांक 20 अक्टूबर, 2026

न्यूज मीलरी

दुष्कर्म के आरोपी को जयपुर से किया गिरफ्तार

विदिशा। नटेरन पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में लटेरी कुरवाई करते हुए आरोपी सोनू बंजारा को 48 घंटे के अंदर जयपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है। फरियादिया ने 16 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 सितंबर को गांव के पास खेत में आरोपी ने उसे पकड़कर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन और एएसपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने साइबर सेल की मदद से तकनीकी जानकारी जुटाकर 19 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

देवी जागरण भजन संध्या आज सजेगी

कुरवाई। नगर के राकेश्वर्य मंच स्थित मुरलीधर मंदिर प्रांगण में 20 अक्टूबर की रात 8 बजे से कथा देवी जागरण एवं श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा। लखी फैंड सर्विस के तत्वावधान में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में मां भगवती की पूजा-अर्चना के बाद भजन गायिका कुमा पटेल, निम्मी पंजाल, सचिन शर्मा और पवन सोन भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में पारंपरिक नरबा और आलौकिक झांकियां भी सजाई जाएंगी। आयोजक समिति ने ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

महाकाल अखाड़े में अस्त्र-शस्त्र पूजन आज

विदिशा। महाकाल अखाड़ा छात दिवाली में विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार सुबह 9 बजे से अस्त्र-शस्त्र पूजन किया जाएगा। अखाड़े के उस्ताद खेमचंद अहिरवार ने बताया कि पूजन के बाद अखाड़े के सभी पहलवान उस्ताद की देखरेख में अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान पहलवान अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता पहलवान को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य अखाड़े की परंपराओं को बनाए रखते 1965 15 सबल और पहलवानों को प्रशिक्षा दिखाने का अवसर प्रदान करना है।

रावण बाबा मंदिर में आरती और भंडारा आज

विदिशा। सतत रूप से परंपरा को अनुसार गंगलवार को राजन बाबा मंदिर में धार्मिक आयोजन होगा। दोपहर 12 से 1 बजे तक महाआरती की जाएगी। इसके बाद 12 फीट लंबी तैयार हुई प्रतिमा की विशेष पूजा-अर्चना कर गांगी में तेल आर्पित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से भंडारा होगा, जिसमें

जैन कॉलेज में 35 फीट के रावण का होगा दहन, आतिशबाजी के मुकाबले से सजेगी दशहरे की शाम

भगवान राम के चल समारोह में शामिल होगी बालाजी महाराज की पालकी, जानकी कुंड पर विसर्जन की तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा



विदिशा में दशहरा उत्सव और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर में दशहरा पर्व पर भगवान राम का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इसके बाद जैन कॉलेज दशहरा मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन, आतिशबाजी का मुकाबला और 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं, दुर्गा प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने जानकी कुंड पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

शाम 4 बजे निकलेगा भगवान राम का चल समारोह

भगवान राम का चल समारोह प्रधान संचालक पंडित चंद्रकिशोर शास्त्री के निवास विक्रमशाह शालीग्राम चौपड़ा से शाम 4 बजे शुरू होगा। इसमें भगवान श्रीकटेश्वर महादेव की पालकी भी शामिल होगी। पैदी चौराहे पर राजपूत समाज का जुलूस मिलने के बाद राजपूत सरदारों द्वारा रामी पूजन किया जाएगा। इसके पहले मैदान पर आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। राज अग्निशमन के नेतृत्व में अंदर फिल्ता हाथी हथेली से सजाया सरदारों द्वारा दशहरा उत्सव का जुलूस निकाला जाएगा। रामी जुलूस जैन कॉलेज दशहरा मैदान पहुंचेगे, जहां कार्यक्रम का समापन होगा।

राम-रावण युद्ध के बाद होगा रावण दहन

दशहरा मैदान पर भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया जाएगा। इस दौरान पंडित गणेश दाहती बालाजी महाराज की पालकी भी मौजूद रहेगी। युद्ध में भगवान राम की विजय के बाद राजपूत सरदारों द्वारा रामी पूजन किया जाएगा। इसके पहले मैदान पर आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। इसके बाद भगवान श्रीराम निकली सजाय शाहू द्वारा तैयार किए गए 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम को देखने के लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है।

भारी वाहनों पर रहेगी रोक, बिजली व्यवस्था की जांच

विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों के आवाजाही रोकने की तैयारी की गई है। एसपी ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेडिंग और निगरानी की तीन स्तरीय व्यवस्था लागू रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विसर्जन स्थल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और विद्युत व्यवस्था की पहले से जांच कराने को कहा। बिजली बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक इंतजाम रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा अग्नि स्थिति में तत्काल सहायता के लिए ताड़ना और जेसीबी मशीनें भी मौके पर रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने अनंतकारियों की ड्यूटी और निम्नेवारियां पहले से तय करने पर जोर दिया, ताकि अफरा-तफरी की स्थिति न बन सके।

जानकी कुंड पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने जानकी कुंड पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विसर्जन स्थल और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए गठित संख्या में प्रशिक्षित गोताखोर और छोटी नावें उपलब्ध रखने को कहा गया है। इसके अलावा आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए ताड़ना और जेसीबी मशीनें भी मौके पर रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने अनंतकारियों की ड्यूटी और निम्नेवारियां पहले से तय करने पर जोर दिया, ताकि अफरा-तफरी की स्थिति न बन सके।

बेटी के इलाज के दौरान पति-पत्नी में विवाद, पत्थर से हमला कर पत्नी के दांत तोड़े



डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

विदिशा मेडिकल कॉलेज में बेटी के इलाज के दौरान पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पति मोहन सिंह ने पत्नी पर पत्थर से हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर, चेहरे और होंठ पर चोटें आई हैं। डॉक्टर के मुताबिक, महिला के दांत भी टूट गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

लटेरी तहसील के लाखाखेड़ी निवासी मोहन सिंह की 12 वर्षीय बेटी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। मोहन सिंह ने बताया कि बेटी की बीमारी के कारण इलाज का खर्च बढ़ गया था। वह मजदूरी करने जाना चाहता था। इसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ, जिसके बाद उसने पत्थर मार दिया।

डॉक्टर मोहित गांधी ने बताया कि घायल महिला का मेडिकल परीक्षण और उपचार जारी है। मामले में विवाद के कारणों और संबंधित आरोपी की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विजयादशमी पर विदिशा में निकलेंगे दो पथ संचलन

विदिशा। विजयादशमी पर्व पर मंगलवार सुबह 8:30 बजे विदिशा में दो स्थानों से पथ संचलन निकाले जाएंगे। पहला संचलन सुखजीनगर स्थित भगत सिंह चौक से निकलेगा, जबकि दूसरा गल्ला मंडी से प्रारंभ होगा।

गल्ला मंडी से निकलने वाला संचलन बर्धीपुल, गैराघाटक, बजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक और माधवगंज होते हुए वापस बर्धीपुल से नगरी पहुंचेगा। वहीं, दूसरे संचलन का मार्ग आरटीओ कार्यालय, खाई पैकी स्कूल, गर्ल्स स्कूल डंडापुरा, गुलाब बाटिका और शास्त्री नगर से डोयर निर्धारित किया गया है। इसका समापन शास्त्री नगर क्षेत्र में होगा।

दुष्कर्म के आरोपी को जयपुर से पकड़ा, 48 घंटे में गिरफ्तारी

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

विदिशा जिले के नटेरन थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी सोनू बंजारा (24) को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, एक महिला ने 17 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने आरोप लगाया कि खेत पर जाने के दौरान सोनू बंजारा ने उसे धमकी देकर दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 76 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल की मदद से पुलिस ने 19 अक्टूबर को जयपुर से उसे गिरफ्तार कर लिया। नटेरन थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने कार्रवाई की जानकारी दी, जबकि एसडीओपी रेखा भदौरी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की।

छितरीपुर में पशु मेले पर 20 से 30 हजार खर्च, कमाई शून्य

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

विदिशा के छितरीपुर में कभी पशुओं की खरीद-बिक्री और दुकानों से गुलजार रहने वाले मेले 5वें सोमवार को सन्नाटा छाया रहा। इस बार मेले में न तो पशु व्यापारी पहुंचे और न ही दुकानदार। इसके चलते मेला समिति को हर साल करीब 20 से 30 हजार रुपये खर्च होते हैं, जबकि पार्किंग की कोई आय नहीं होती। इससे समितियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

छितरीपुर में दिवालीकाल से पहले लगने वाले इस मेले की शुरुआत हुई, लेकिन मौके पर न पशु व्यापारी पहुंचे और न दुकानें लगीं। नगर पालिका ने टैंट, कुर्सियां और रोशनी की व्यवस्था की।

नगर पालिका दीपचंद्रो देवनारायण दांगी के अनुसार, पांच दिन के मेले पर करीब 20 से 30 हजार रुपये खर्च होते हैं, जबकि पार्किंग की कोई आय नहीं होती। इससे समितियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसके लिए आयोजन किया जा रहा है।

छितरीपुर में दिवालीकाल से पहले लगने वाले मेले की खरीद-बिक्री के लाख शूल, सिलेम और सर्कस भी आकर्षण रहते थे। आसपासों के रुख चोरी की मटनाओं के बाद उनकी आवाजाही कम हुई और धीरे-धीरे मेला ऐतिहासिक हो गया।

लखनवास में भक्तों ने निकाली 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा

डीआर संवाददाता ▪▪ लखनवास



लखनवास में नवरात्र के अवसर पर नवदुर्गा उत्सव समिति और ग्रामीणों के सहयोग से यह विसपतिनी बस्ती माता मंदिर तक 151 मीटर लंबी चुनर यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। श्रद्धालु चुनर आगे जय माता दी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मंदिर पहुंचकर चुनर माता रानी को विधिवत आर्पित की गई।

इसके बाद श्री खेड़ापति माता मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय लघु रामलीला का समापन प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के मंचन के साथ हुआ। स्थानीय कलाकारों ने सीता विवाह, राम जन्म, सीता हरण और हनुमान लीला सहित विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया।

दशमी के पावन अवसर पर मां दुर्गा के पंडाल की विदाई के साथ समापन हुआ। इस दौरान नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

युवाओं ने अपने हाथों से बनाया 35 फीट का रावण, आज होगा दहन

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा



ग्राम पीपल्या रतोहा में एकता युवा के युवाओं ने अपने हुनर और मेहनत से 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया है। युवाओं ने रात्रि की आखरिक अंधेरी तैयार की, जो विजय दशमी पर आकर्षण का केंद्र बनेगी। बच्चियों ने युवाओं की इस मेहनत की सराहना की।

इसके बाद 12 फीट लंबी तैयार हुई कुंभकर्ण प्रतिमा की विशेष पूजा-अर्चना कर गांगी में तेल आर्पित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से भंडारा होगा, जिसमें युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं की मेहनत और कला की प्रशंसा करते हुए एनएस सराफ प्रशाद और विजय दशमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

जीरापुर में 50 लाख की चोरी का 72 घंटे में खुलासा, चार आरोपियों से 41

डीआर संवाददाता ▪▪ जीरापुर

राजगढ़ जिले के जीरापुर में हुई 50 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने 72 घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लेकर अपनी जनीन 70 लाख रुपये में बेची थी। इस सौदे से मिले 50 लाख रुपये उसने घर में लकड़ी के दीवान में रखे थे। नकदी को काले कपड़े के बैग और गद्दे के फाड़ुन में एक गया था।

16 अक्टूबर को अब्दुल रईस परिवार के साथ इलेक्ट्रिक किया था।

जमीन बेचकर मिले थे 50 लाख रुपये

पुलिस के मुताबिक, गाजीपुरी मोहल्ला निवासी अब्दुल रईस ने जनवरी 2026 में खातरा रोड स्थित अपनी जनीन 70 लाख रुपये में बेची थी। इस सौदे से मिले 50 लाख रुपये उसने घर में लकड़ी के दीवान में रखे थे। नकदी को काले कपड़े के बैग और गद्दे के फाड़ुन में एक गया था।

16 अक्टूबर को अब्दुल रईस परिवार के साथ राजस्थान के पाचवहल में एक सगाई समारोह में शामिल होने गया था। 18 अक्टूबर की रात घर लौटने पर उसे कमरे का कुंडा टूटा मिला। उसने जब सामान बिखरा हुआ था और दीवान में रखे 50 लाख रुपये गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 344/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



छत के रास्ते घर में घुसे थे आरोपी

पुलिस जांच के अनुसार, आरोपियों ने आसपास के मकानों की छतों से चढ़ी जर्द आ पाचवहल उतरकर घर में प्रवेश किया और नकदी चोरी कर ली। वारदात के बाद पुलिस को सूचित करने के लहजन के पीछे का राज्य खोल दिया गया और आरोपी छत के रास्ते वापस लौट गए।

पुलिस के मुताबिक, चोरी की रकम पहले पर और फिर कब्जेदार से बिलाई गई। जाने दिन रकम सभी तीनों से चार रवानगई गई। सीसीटीवी फुटेज, मुखबिरों और वैज्ञानिक सुबूतों के आधार पर पुलिस ने मोहित, सुलीत उर्फ कैलाश, अनस उर्फ छगर लाल और तौसीफ के खिलाफ कार्रवाई की।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित तोलानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केशव, डेमरे के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस सभने में आगे की विवेचित कार्रवाई कर रही है।

बैठक में नियुक्ति युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति तैयार, पालक महासंघ और विद्यार्थी परिषद चलाएंगे महा सदस्यता अभियान

घर-घर और कॉलेजों तक पहुंचेगा अभियान, जिला व संभाग स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की तैयारी

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा



पालक महासंघ मध्यप्रदेश और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद की संयुक्त बैठक में युवाओं, विद्यार्थियों और पालकों को संगठन से जोड़ने के लिए महा सदस्यता अभियान चलाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया। इसमें प्रदेशभर से आए प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में पालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सुनील कुमार विसेकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए इसे घर-घर और कॉलेजों तक पहुंचाने की योजना बनाई, ताकि अधिक से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों और पालकों को संगठन से जोड़ा जा सके।

शिक्षा और विद्यार्थियों की समस्याओं पर चर्चा

बैठक में जिला और संभाग स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति तथा आगामी कार्यक्रमों के संचालन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों की समस्याओं, पालकों के अधिकारों और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे।

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने, उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने और पालकों के हितों के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। इसके साथ ही युवाओं को संवादात्मक देश देने और उन्हें सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी पर जोर

पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक स्तर पर लगातार प्रयास करना जरूरी है। यह सदस्यता अभियान के माध्यम से समाज का शिक्षित वर्ग के साथ ही विद्यार्थियों और पालकों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी पहल करने का लक्ष्य रखा गया।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने यहां संगठन अभियान को सफल बनाने और अगले-अगले होने से विभिन्न सदस्यता लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन की गतिविधियों को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाने पर सहमति जताई गई।

छापीहिड़ा में विमान से रावण वध करने जाते हैं राम-लक्ष्मण, अगले दिन लौटते हैं मंदिर

डीआर संवाददाता ▪▪ छापीहेड़ा



राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा में दशहरा उत्सव की अनूठी परंपरा वर्षों से निभाई जा रही है। यहां भगवान श्रीराम और लक्ष्मण विमान में सवार होकर मंदिर से महादेव मैदान पहुंचते हैं। आधी-रात संकट के बाद भगवान श्रीराम सबसे के सभी बाधाओं को समाप्त कर देते हैं, जिसके बाद उत्सव का आनंद बढ़ जाता है।

श्रद्धालु आरती कर भगवान का स्वागत करते हैं। पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के बीच विमान शाहर नगर में रहता है। अगले दिन भव्य जुलूस के साथ भगवान मंदिर लौटते हैं। करीब दस साल पहले तक दशहरे के बाद श्रद्धालु भगवान के विमान को अपने घरों में उतारकर पूजा-अर्चना और सेवा करते थे। एक घर से दूसरे घर तक विमान पहुंचने की इस परंपरा में छह महीने से अधिक समय लगता था। यह आयोजन छापीहेड़ा की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है।

डीआर विदिशा राजगढ़

Happy Dussehra

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

अश्विन शुक्ल पक्ष - 10, 2083

विदिशा, दिन मंगलवार दिनांक 20 अक्टूबर, 2026



सौजन्य से : समवायु पारीदार, सरपंच, झरखेड़ा



सौ. से : सिरवर सिंह दांगी, पूर्व सरपंच, हथियाखेड़ा



सौजन्य से: राधेश्याम गौर, सरपंच, ग्राम पंचायत सांकला



सौ. से:- भीम सिंह गुर्जर, सरपंच, ग्राम पंचायत, शाहजापुर



सौजन्य से: लीलाकिशन मकाती, सरपंच, छांडवा



सौजन्य से:शिक्षक निर्मल सिंह दांगी श्यामपुर



सौजन्य से: कपिल गुप्ता मित्र मंडली, अहमदपुर



सौजन्य से: ग्राम घतरी



सौजन्य से: ग्राम पंचायत सोनकच्छ



सौ. से: कुलदीप सिंह दांगी, युवा भाजपा नेता, अहमदपुर



सौजन्य से:- हेमराज लोधी मित्र मंडली



सौ. से : भगवान पाठक मित्र मंडली श्यामपुर



सौ. से: रामनारायण मेवाड़ा, ग्राम पंचायत पड़ियाला



सौ.से : पर्वत सिंह मीणा, सरपंच ग्राम पंचायत बरखेड़ा खरेट



सौजन्य से:- पूर्व सरपंच राकेश मीणा मित्र मंडली



सौजन्य से महेंद्र गुर्जर मि. मंडली महुआखेड़ा



सौजन्य से: मांगीलाल गौर, मित्र मंडली बरमाल



सौ. से: रामस्वारूप मालवीय श्यायामपुर



सौजन्य से: कपिल धूत मित्र मंडली, बरखेड़ा हसन

डीआर विशेष राजगढ़

Happy Dussehra

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | अश्विन शुक्ल पक्ष - 10, 2083 | विदिशा, दिन मंगलवार दिनांक 20 अक्टूबर, 2026



सौ से : नंदकिशोर विश्वकर्मा बरखेड़ा हसन



सौ. से : बलदीव श्रीवास्तव , श्यामपुर



सौजन्य से: ग्राम पंचायत खजुरिया बेरखेड़ा



सौ. से:- शधेश्याम पचवारिया, मीणा,



सौजन्य से: महेश गौर, सरपंच, छोटा खजुरिया



सौ से: संजय पाटीदार, व्यापारी प्रकोष्ठ, श्यामपुर



सौजन्य से: सरपंच बाबूलाल , मुख्तार नगर



सौजन्य से: ग्राम निवारिया





सौ. से: सरपंच ओम गौर मानपुरा



सौ से:-सीताराम पाटीदारमित्र मंडली झरखेड़ा



सौ. से : ग्राम पंचायत अहमतदपुर



सौ. से: महेंद्र गौर पूर्व सरपंच खजुरिया कला



सौ से : हेमराज गौर, सरपंच खजुरिया बंगला



सौ से:- महादेव वेयर हाउस गढ़ी बगराज



सौ गोपाल मीणा मित्र मंडली बमलिया दोराहा



सौजन्य से: नमर्दा प्रसाद दांगी सेमरा डोबरा



सौ से प्रेम सिंह दांगी मित्र मंडली निवारिया



सौजन्य से: राजपूत कृषि सेवाकेंद्र अहमदपुर

डीआर विशेष राजगढ़

Happy Dussehra

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

अश्विन शुक्ल पक्ष - 10, 2083

विदिशा, दिन मंगलवार दिनांक 20 अक्टूबर, 2026

दशहरा

MUSKAN PUBLIC HIGH SCHOOL

ENGLISH MEDIUM

हार्दिक आर्दिक बधाई

2010 से लगातार आपकी सेवा में

Education Today... Success Tomorrow



CLASS NURSARY TO 10TH

Strong Foundation Bright Future

संचालक

हरिचरण दांगी

हमारी विशेषताएं

- अनुभवी एवं समर्पित शिक्षक
- आधुनिक डिजिटल क्लासरूम
- सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशाला
- खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां
- अनुशासन, संस्कार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण
- व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक शिक्षा

छात्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता

हमारे संचालक के विचार

शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक छात्र श्रेष्ठ शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के साथ एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने, समाज और देश का नाम रोशन करे।

हमारी सुविधाएं



Why Choose Muskan Public High School?

- Quality Education
- Holistic Development
- Safe & Nurturing Environment
- Focus on Values & Discipline
- Bright Future for Every Child

उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम

शिक्षा • संस्कार • अनुशासन

हमारा संकल्प, आपका विश्वास

ADDRESS

Barkheda Deva Choki
Tahsil Shyampur
Dist. Sehore (M.P.)

Contact Us

9009760348 (Haricharan Dangi)
9685239151 (Dharmendra Dangi)

सही शिक्षा | अच्छे संस्कार सौ. मे: वी पेक्स सेवानिवृत्त तहसीलदार, चांदना जागीर, बमोरी डूडान

ADMISSION OPEN

HOLLY VISION ACADEMY, CHHATARPURA

A Complete Academy for Holistic Education

क्षेत्रवासियों की विजय दशमी की हार्दिक आर्दिक बधाई



- Classes Nursery to 12th
- Experienced Faculty
- Modern Labs & Library
- Smart Classrooms
- Focus on Holistic Development



ADMISSION OPEN

Enroll Today for a Better Tomorrow!

Address: Chhatarpura, District Sehore, Madhya Pradesh

Call / WhatsApp: 8878046858, 774894750

क्षेत्रवासियों की विजय दशमी की



हार्दिक आर्दिक बधाई

सौ, इंडियनगैस एजेंसी कुरावरोड श्यामपुर



क्षेत्रवासियों की विजय दशमी

हार्दिक आर्दिक बधाई



सौ, कृषि उपज मंडी समिति श्यामपुर

डीआर विशेष राजगढ़
गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ
अश्विन शुक्ल पक्ष - 10, 2083
विदिशा, दिन मंगलवार दिनांक 20 अक्टूबर, 2026





